Niwan Times(H)

13.09.2019

निवाण टाइम्स

आईटीएस फार्मेसी कॉलेज के छात्र छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

निवाण टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। मुरादनगर स्थित आईटीएस दी एजूकेशन ग्रुप फार्मेसी विभाग में भारत सरकार एमएचआरडी (मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय) के आदेशानुसार नो प्लास्टिक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें प्लास्टिक एवं पॉलीथिन से हाने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस रैली को फार्मेसी के निदेशक डा. एस सदीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली कॉलेज प्रांगण से मुरागनगर के आसपास की कॉलोनी एवं मार्केट में होती हुई संपन्न हुई। रास्ते में जगह-जगह विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा लोगों को प्लास्टिक का उपयोग बंद करने को लेकर शपथ दिलाई। छात्रों ने दुकानों पर स्टीकर भी लगाए, सभी से प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग न करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के संयोजक डा. मनोज कुमार शर्मा ने छात्रों को अपने देश को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किसी को प्लास्टिक एवं पॉलीथिन का उपयोग करते देखें तो उनको दुष्परिणामों के बारे में भी बताएं।

Scanned by CamScanner

N.B.T.
Page No. 02(GZB.)
13.09.2019

जागरूकता रैली निकाली

एनबीटी न्यूज, मेरठ रोड : आईटीएस कॉलेज के फार्मेसी विभाग की ओर से गुरुवार को 'नो प्लास्टिक' जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने लोगों को प्लास्टिक और पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया।